राज्यपाल बेबी रानी मौर्य ने राष्ट्रपति की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग में हिस्सा लेते हुए।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### तीन माह की एडवांस विधवा, वृद्धा व दिव्यांग पेंशन प्रदान करे सरकारः कुंवर सिंह

**संवाददाता** देहरादून। ग्रामीण विकास समिति के अध्यक्ष कुंवर सिंह ने कहा है कि प्रदेश सरकार तीन–तीन माह की एडवांस विधवा, वृद्धा, दिव्यांग पेंशन प्रदान की जानी चाहिए, जिससे इन लोगों का मान सम्मान बना रहे। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि विश्व सहित भारत देश में वर्तमान समय में कोरोना वायरस की चपेट में है इस महामारी के चलते हुए जो घरों में ही रहकर लोग लॉकडाउन हैं और इसका पालन किया जा रहा है।

### कोरोना वायरस से बचाव को पूरी तरह सक्रिय हुईं विभिन्न समाजिक संस्थाएं

**संवाददाता**। विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के तत्वावधान में देश में फैल रही वैश्विक महामारी कोरोना वायरस से बचाव के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस अवसर पर जिसमें लोगों को मॉस्क व सैनिटाइजर वितरित किये जा रहे हैं और लोगों को घरों में रहने की सलाह दी जा रही है। यहां राजधानी में विभिन्न सामाजिक संस्थायें भी पूरी तरह से कोरोना वायरस से बचाव के लिए सक्रिय हो चुकी हैं।

### लोगों की भरपूर मदद कर रहे हैं स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ता

**संवाददाता** देहरादून। स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ता कारोना वायरस कोविड 19 के बढ़ते विस्तार को रोकने के लिए सुरक्षा की दृष्टि से किये गये लॉकडाउन के चलते भोजन, राशन आदि मूलभूत आवश्यकताओं के सामान के लिए परेशान हो रहे हैं की सेवा कर रहे हैं। यहां जारी एक बयान में स्वदेशी जागरण मंच के प्रांतसय संयोजक सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि मंच के कार्यकर्ता ऐसे पशु जिनके सम्मुख भोजन का संकट है उनको मंच द्वारा स्मृति विकास संस्थान के सहयोग से भोजन, लंच या डिनर बॉक्स राशन की किट चावल, आटा, तेल, मसाले, चायपत्ती चीनी आदि तैयार करके निःशुल्क दी जा रही है।

### लॉक डाउन के उल्ध्लंघन पर 11 लोग गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। ऋषिकेश में लॉक डाउन के तहत सड़क पर भीड़ जमा करने वाले 11 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक कोरोना महामारी को देखते हुए लॉक डाउन का उल्लंघन ना हो इसके लिए पुलिस टीम ड्रोन के साथ मोबाइल टीम चला रही है। एसएसपी दून ने इस संबंध में सख्त हिदायत जारी की थी। गुरुवार की रात चंद्रेश्वर नगर में अलग–अलग जगह पर 11 लोगों को अनावश्यक रूप से भीड़ एकत्र करने पर गिरफ्तार किया गया है।

## विभागीय मंत्री रेखा आर्य ने ली पशुओं की सुध, उठाए कदम

**संवाददाता** देहरादून। महिला कल्याण एवं बाल विकास, पशुपालन, भेड़ बकरी पालन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रेखा आर्य ने लॉकडाउन के चलते पशुओं की सुध लेते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने कहा कि चारे की समस्या खड़ी हो गई है। उन्होंने जिलाधिकारियों को आपदा पद में चारे के लिए धन देने के निर्देश देने और इस कार्य के लिए विधायक निधि का उपयोग करने की अनुमति देने की मांग की है। पत्र में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रेखा आर्य ने कहा कि कोरोना महामारी के चलते लॉकडाउन की वजह से गौशाला चला रही स्वयंसेवी संस्थाएं परेशान हैं। उन्हें चारे को लेकर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गोशाला संचालक बार–बार चारा उपलब्ध कराने का अनुरोध कर रहे हैं। मौजूदा परिस्थितियों में लॉकडाउन की वजह से आम जन को तो राहत दी जा रही है, लेकिन पशुओं के लिए मदद नहीं हो पा रही है। उन्होंने चारे की उपलब्धता के लिए विधायक निधि का इस्तेमाल करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि उक्त कार्य के लिए विधायक निधि देने का प्रविधान नहीं है। ऐसे में उन्होंने मुख्यमंत्री से इसके लिए विधायक निधि नियमावली में छूट देने की मांग भी की। उन्होंने जिलाधिकारियों को भी आपदा मद से चारे के लिए धनराशि जारी करने के लिए निर्देश देने की मांग भी की। रेखा आर्य के पास उक्त के अलावा चारा व चारागाह विकास, मत्स्य विकास भी हैं।

# डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बुरा व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

**निर्देश**

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड की राज्यपाल बेबी रानी मौर्य का कहना है कि डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बुरा व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके साथ राज्यपाल ने बताया कि उन्होंने प्रदेश के सभी धर्म गुरूओं और संतों से अपील की है कि वे लोगों को जागरूक करें और धार्मिक आयोजनों, पूजा–पाठ, नमाज को अपने–अपने घरों में ही करने के लिए प्रेरित करें।

राज्यपाल बेबी रानी मौर्य ने शुक्रवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में कोरोना वायरस से संबंधित वीडियो कांफ्रेसिंग में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने बताया कि राज्य चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों और सफाई कर्मियों के खिलाफ दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं होगा। इस संबंध में सभी डीएम और एसएसपी को आवश्यक निर्देश दिये गए हैं। पर्वतीय जनपदों में आवश्यक वस्तुओं, राशन, दवाइयों आदि की सप्लाई सुनिश्चित की जा रही है। नगर निकाय स्वच्छता और सैनिटाइजेशन अभियान संचालित कर रहे हैं। अगले हफ्ते सभी जिलाधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर ग्राउंड स्थिति की समीक्षा की जाएगी।

### अबतक दस मामले आए हैं सामने

राज्यपाल ने बताया कि राज्य में अभी तक 10 पॉजिटिव कोविड–19 के मामले आए हैं, जिसमें से दो व्यक्ति पूरी तरह ठीक भी हो चुके हैं। बाहर से आने वालों को क्वारंटाइन किया गया है। राज्य में दो अप्रैल तक 8452 लोगों को घरों में और संस्थागत क्वारंटाइन किया गया है। तब्लीगी जमात के 245 लोगों को संस्थागत क्वारंटाइन में रखा गया है। राजकीय चिकित्सालयों और मेडिकल कॉलेजों में 3,746 पीपीई किट के साथ ही 13864 एन 95 मास्क उपलब्ध है। आइसीयू, वेंटिलेटर, ऑक्सीजन सिलेंडरों आदि की मौजूदा स्थिति और भविष्य की आवश्यकताओं का आकलन करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

**लॉकडाउन का सख्ती से हो रहा पालनः** राज्यपाल ने ये भी बताया कि उत्तराखंड में लॉकडाउन का पूरी सख्ती से पालन किया जा रहा है। प्रदेश के सभी धर्म गुरूओं और संतों से अपील भी की गई है कि वे लोगों को जागरूक करें और धार्मिक आयोजनों, पूजा–पाठ, नमाज आदि को अपने–अपने घरों में ही करने के लिए प्रेरित करें। राज्यपाल ने बताया कि प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों को निर्देश दिये गये हैं कि वे लॉकडाउन की परिस्थितियों में ऑनलाइन कोर्स मैटीरियल को प्रोत्साहित करें। विश्वविद्यालयों को वर्तमान स्थिति से निपटने के लिए अपने–अपने क्षेत्रों में आवश्यक तकनीकि और विशेषज्ञ सहायता विकसित करने को भी कहा गया है।

**कुलपतियों के साथ होगी वीसी**
इस संबंध में जल्द ही सभी कुलपतियों के साथ एक वीडियो कांफ्रेंसिंग भी की जाएगी। राज्यपाल ने बताया कि प्रदेश में किसानों का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। किसानों की फसल खरीदने के लिए ऊधमसिंह नगर और हरिद्वार सहित सभी जिलाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया जा चुके हैं। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश में रेडक्रॉस को कोरोना वायरस से जुड़ी परिस्थितियों के लिए सक्रिय होने के निर्देश दिये हैं। राज्यपाल ने राज्य रेडक्रॉस इकाई से अभी तक के कार्यों का विवरण और आगे की कार्ययोजना भी तलब की है।

# भाजपा प्रवक्ता मुन्ना चौहान डीएम के रवैये पर भड़के

**मांग**

- मुख्य सचिव से कार्रवाई की मांग

देहरादून। **संवाददाता**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता और विधायक मुन्ना सिंह चौहान चमोली जिलाधिकारी के रवैये पर भड़क गए। पीएम रिलीफ फंड और सीएम रिलीफ फंड में सहायता राशि के चेक भाजपा नेता वीरेंद्र असवाल से लेने के दौरान जिलाधिकारी ने उठना तक गवारा नहीं समझा। सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में मुन्ना सिंह चौहान ने जिलाधिकारी के रवैये पर आपत्ति कर मुख्य सचिव से कार्रवाई की मांग की है।



**आरोप**ः पीएम रिलीफ फंड और सीएम रिलीफ फंड में सहायता राशि के चेक भाजपा नेता वीरेंद्र असवाल से लेने के दौरान जिलाधिकारी ने उठना तक गवारा नहीं समझा

नौकरशाहों के व्यवहार पर विधायक विधानसभा में अक्सर आपत्ति जताते रहे हैं। इस बार मामला सत्तारूढ़ दल के नेता के साथ चमोली जिलाधिकारी के व्यवहार का मसला तूल पकड़ गया। चमोली में भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र सिंह असवाल पीएम रिलीफ फंड और सीएम रिलीफ फंड में बतौर योगदान 50–50 हजार के चेक लेकर जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया के कार्यालय पहुंचे। जिलाधिकारी ने सीट पर बैठे हुए ही इसे ग्रहण किया।

यह फोटो देखकर भाजपा प्रवक्ता व वरिष्ठ विधायक मुन्ना सिंह चौहान खफा हो गए। उन्होंने सोशल मीडिया पर उक्त फोटो के साथ अपनी पोस्ट में जिलाधिकारी के व्यवहार पर सख्त आपत्ति जताई और इसे राष्ट्रीय कर्तव्य का अनादर करार दिया। अपनी पोस्ट में ही उन्होंने मुख्य सचिव से इस मामले का नोटिस लेकर कार्रवाई की मांग भी की है। इस संबंध में संपर्क करने पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता व विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने कहा कि चमोली की जिलाधिकारी अच्छी और नौजवान अधिकारी हैं। उनसे गरिमापूर्ण व्यवहार की उम्मीद की जाती है। खासतौर पर राष्ट्रीय दायित्व की पूर्ति को जन साधारण आगे आए तो उसका सम्मान होना ही चाहिए।

### कोरोना वायरसः लगातार गश्त पर है रेडक्रास की टीम

**संवाददाता** देहरादून। यूथ रेडक्रास कमेटी के चेयरमैन अनिल वर्मा ने कहा है कि एडिशनल सीएमओ डा. दिनेश चौहान के निर्देशन में कोरोना वायरस से जंग को निकली इंडियन रेडक्रास सोसाइटी की टीम में यूथ रेडक्रास कमेटी, देहरादून लगातार गश्त करते हुए नजर आ रहे हैं। लोगों को कोरोना वायरस से बचाव के बारे में जानकारी प्रदान कर रहे हैं। यहां जारी एक बयान में यूथ रेडक्रास कमेटी के चेयरमैन अनिल वर्मा तथा फर्स्ट मेडिकल रिस्पांडर सुनीता नौटियाल द्वारा दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक करनपुर बाजार, डीएवी कॉलेज चौक, सीमेंट रोड व नाला पानी रोड पर प्रातः सात बजे से दोपहर तीन बजे तक आसपास की दुकानों में लगातार गश्त करते हुए बाजार में दुकानों से खरीददारी करते समय लोगों को कम से कम एक मीटर की दूरी बनाए रखते हुए सामान खरीदने का निर्देश दिया।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।